सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 10 चैत्र, 1939 (श0) / 31 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 93**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 50 |
| (2) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 21 |
| (3) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (4) पर्यटन विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग — | 93 |

हैण्डलूम से चादर खरीदना

'क'-*9. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मई, 2008 में आदेश निर्गत किया गया है कि हस्तकरघा (Handloom) उद्योग के बने वस्त्रों में चादर की खरीद सरकार प्रतिवर्ष करेगी ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के अधिकांश बुनकर हस्तकरघा में विद्युत् मोटर लगाकर मोटर चालित हैण्डलूम से चादर आदि बुन रहे हैं, लेकिन मोटर चालित हैण्डलूम से बने चादर सरकार द्वारा खरीद नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोटर चालित हैण्डलूम से उत्पादित चादर कबतक खरीदने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कर्मियों का समायोजन

'ख'-*1406. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (डी0 डी0 टी0 छिड़काव) का कार्य उक्त जिला में चतुर्थ वर्ग के पद पर कार्यरत दैनिक वेतनभोगी द्वारा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक, प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के ज्ञापांक 11/एम/स्व0दे0)-1/2015-480(11), दिनांक 27 मई, 2015 द्वारा जिला स्तर पर कार्यरत चतुर्थवर्गीय दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के समायोजन हेतु निर्देश के बावजूद उक्त कर्मियों का समायोजन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कर्मियों का समायोजन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*3017. श्रीमती मंगीता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के कौड़िया, लालपुर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पद को भरना

*3018. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ड्रग कॉस्मेटिक ऐक्ट, 1940 के अनुसार राज्य में बिक्री हो रही दवाओं की जाँच सरकारी अधिकारी ही कर सकते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दवाओं की गुणवत्ता जाँच हेतु अगमकुआँ, पटना स्थित राज्य की एक मात्र प्रयोगशाला में एनालिस्ट का पद पिछले दो वर्षों से रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रयोगशला में रिक्त एनालिस्ट के पद को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'- सदन द्वारा दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को उद्योग विभाग से स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरित, दिनांक 25 मार्च, 2017 को पुनः उद्योग विभाग एवं दिनांक 27 मार्च, 2017 को पुनः स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

'ख'- दिनांक 25 मार्च, 2017 को सदन द्वारा स्थगित ।

दवाई उपलब्ध कराना

*3019. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गरीब मरीजों के लिये सरकार ने इंडोर में 115 प्रकार के तथा आउटडोर में 35 प्रकार के दवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में उक्त प्रकार की दवा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे गरीब मरीजों को भारी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूर्वी चम्पारण जिला स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में गरीब मरीजों के लिये उक्त निर्धारित सभी प्रकार की दवाएँ उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कारगर कदम उठाना

*3020. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 मार्च, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''सड़क हादसे को रोकने के लिये एक्शन प्लान बनेगा, प्रारूप एक माह में आयेगा'' के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत वर्ष राज्य के विभिन्न हिस्सों में 08,222 सड़क दुर्घटनाएँ हुई है, जिसमें 4,864 लोगों की मौत एवं 5,444 घायल हुये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुर्घटना को रोकने के लिये सरकार ने अभीतक कार्य योजना नहीं बनाई है जिससे अन्य राज्यों के अपेक्षा बिहार में दुर्घटनाओं का दर अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये ठोस कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*3021. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय में मोहनपुर एवं मोहिउद्दीन नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिला मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है,नहीं, तो क्यों ?

---

एम्स स्थापित करना

*3022. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार में पाँच एम्स स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है तथा राज्य सरकार को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड गोरेयाकोठी के दूधरा पंचायत के रैयतों ने दूधरा गाँव में दो सौ पचास एकड़ जमीन एम्स के स्थापना हेतु अंचलाधिकारी, गोरेयाकोठी को सहमति प्रदान की है तथा उक्त अंचलाधिकारी द्वारा इस संबंध में जिलाधिकारी, सीवान को पत्र भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के रैयतों द्वारा दिये गये दूधरा गाँव के स्थल पर एम्स स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मशीन मरम्मत करना

*3023. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० में ऑटो एनालाइजर मशीन विगत डेढ़ साल से बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एनालाइजर मशीन के खराब होने के कारण 126 प्रकार के खून की जाँच बन्द है और उसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल बर्बाद हो गये हैं ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑटो एनालाइजर मशीन को ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*3024. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड में एलस्ट्रोम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य महवल, मोतीपुर में पाँच वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2016 तक पूरा करना था परन्तु निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*3025. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में जले हुये ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर एक सप्ताह के भीतर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखण्डों में जले हुये ट्रांसफॉर्मरों की संख्या 60 से अधिक है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त ट्रांसफॉर्मरों को बदलने हेतु विभाग से लिखित निवेदन किया गया है परन्तु अबतक विभाग द्वारा उक्त प्रखण्डों के जले ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले गये हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में नये ट्रांसफॉर्मर लगाकर उपभोक्ताओं की कठिनाइयों को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापित करना

*3026. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक विगत 2 वर्षों से पदस्थापित नहीं है यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*3027. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखण्ड के मरघीया, बकीया, दियरा, सकरैली, काबर, सुजापुर (बलवा) पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पर कार्रवाई

*3028. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के कतरीसराय प्रखण्ड में चिकित्सीय कार्य करने वाले वैद्य राज्य आयुर्वेदिक परिषद्, पटना से निबंधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में चिकित्सीय कार्य करने वाले वैध के निबंधित होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा उन्हें प्रैक्टिस करने से रोका जा रहा है एवं प्रताड़ित किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् आपूर्ति करना

*3029. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड में कूर्मी पोखर तोल, घोवडीहा एवं बेलवा गाँवों में विद्युत् आपूर्ति पुनपुन फीडर से किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों से पुनपुन फीडर की दूरी 60 किलो मीटर होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों की विद्युत् आपूर्ति नबीनगर फीडर या बारा फीडर से करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

भवन निर्माण कराना

*3030. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड के जगदीशपुर धुमनगर एवं शिवराजपुर मंगलपुर बाजार में तथा बैरिया प्रखंड के पखनाहा बाजार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2010 में दी गयी है, परंतु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण अभीतक नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सहायता राशि का भुगतान

*3031. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ नगर निगम के वार्ड संख्या 37 के ऐनामहल निवासी विकाश कुमार, पिता श्री संजय मेहता तथा राज किशोर कुमार, पिता श्री विजय सिंह की 6 माह पूर्व वर्ष 2016 में मृत्यु हो गयी थी, जिसका सदर थाना में केस दर्ज है, जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उक्त दोनों व्यक्तियों की मृत्यु पानी में डुबने से बताया गया परन्तु उक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक आपदा सहायता राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये आपदा सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*3032. डॉ० सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिवीलगंज प्रखंड के कचनार पंचायत के ग्राम-शेखपुरा स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*3033. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के सेवईचक, महकार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन एवं चिकित्सक नहीं रहने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण एवं चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*3034. श्री (डॉ०) मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र के विकास के लिये मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिये योजना के निर्माण कार्य की सूची आरा के योजना विकास विभाग को सौंपी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सूची में से मात्र एक कार्य मॉडल उच्च विद्यालय, आरा में साइकिल स्टैण्ड का निर्माण कार्य कराया गया है जबकि बाकी कार्यों को दिनांक 13 फरवरी, 2017 तक लंबित रखकर योजना पदाधिकारी एवं सहायक योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार शर्मा द्वारा कार्य को बाधित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य की सूची में से कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*3035. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर दलित बस्ती, ततवा टोली, यादव टोली, सरैया दलित बस्ती, गरिवयापुर यादव टोली, बिन्द टोली एवं किनेगाँव दलित बस्ती, फरना दलित, बिन्द गाँवा बिंद टोली में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोलों एवं बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण करना

*3036. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड के मधुबनी पंचायत के डोडा वार्ड नं० 4 और बरदाहा, जयनगरा में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बिजली के अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*3037. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस०, पटना के लिये दिये गये विज्ञापन सं० 09/फैकल्टी/स्थाना०/2015 में न्यूरो सर्जरी में एसोसियेट प्रोफेसर के पद पर डी०एन०बी० करने के उपरान्त 10 वर्ष का अनुभव तथा कम्यूनिटी मेडिसीन में एम०डी० एवं ऐकेडमिक रिसर्च के 10 वर्ष के अनुभव प्राप्त व्यक्ति को सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि न्यूरो सर्जरी में बिना डी०एन०बी० किये डॉ० समरेन्द्र एवं बिना एम०डी० किये एवं ऐकेडमिक रिसर्च किये डॉ० वर्षा सिंह की नियुक्ति की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर अर्हता पूरा करने वाले अभ्यर्थी को लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*3038. श्री आनन्द भूषण पाण्डेय--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''साहब मुझे बचाइये, डॉ० लूट लेंगे मेरी आबरू'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव अनुमण्डल अस्पताल में पदस्थापित एक नर्स से उक्त अस्पताल में पदस्थापित डॉ० अजय एवं डॉ० संजय द्वारा अस्पताल में आये मरीजों को अपने निजी क्लीनिक में भेजने के लिये दबाव बनाया जाता है तथा आदेश नहीं मानने पर नर्स को विगत 1 वर्ष से लगातार प्रताड़ित एवं अपमानित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 20 फरवरी, 2017 को उक्त अस्पताल में पदस्थापित उक्त चिकित्सकों द्वारा नाईट ड्यूटी के दौरान नर्स से बदसलूकी का प्रयास किया गया है, जिसकी सूचना नर्स द्वारा स्थानीय प्रशासन को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त दोनों डॉक्टरों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*3039. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल के 278 ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य सितम्बर, 2016 तक पूरा करने हेतु मेसर्स इनर्गो एजेन्सी को दिया गया था, परन्तु अभीतक मात्र 50 प्रतिशत कार्य ही उक्त एजेन्सी द्वारा किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी के बदले अन्य एजेंसी से कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल चालू करना

*3040. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मनियारी अनुमंडल स्थित मनियारी अनुमंडलीय अस्पताल वर्ष 1982 से बंद है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ताप विद्युत् गृह का निर्माण

*3041. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंण्ड में बिहार ताप विद्युत् गृह के निर्माण के लिये सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण कर निर्माण कार्य वर्ष 2012 में प्रारम्भ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बिहार ताप विद्युत् गृह हेतु अधिग्रहित जमीन के मुआवजे में एकरूपता नहीं रहने के कारण कुछ किसानों द्वारा विरोध के कारण निर्माण कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बिहार ताप विद्युत् गृह के लिये अधिग्रहित जमीन से संबंधित किसानों की समस्याओं का समाधान कर उक्त ताप विद्युत् गृह का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार कराना

*3042. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिले के बड़हिया प्रखण्ड के पाली पंचायत के बीरूपुर ग्राम में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना करना

*3043. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत 36 पद के विरुद्ध मात्र 6 चिकित्सक कार्यरत हैं, ग्रेड ए० नर्स में स्वीकृत 50 पद के विरुद्ध 9 कार्यरत हैं, एक्स-रे टेक्निशियन के स्वीकृत 6 पद के विरुद्ध एक भी कर्मी कार्यरत नहीं हैं, प्रयोगशाला टेक्निशियन के स्वीकृत 5 पद के विरुद्ध एक भी कर्मी कार्यरत नहीं हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत पद के विरुद्ध चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापना करना

*3044. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद राजकीय अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानांतरण करना

*3045. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किसी भी पदाधिकारी/कर्मचारी को 3 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानांतरण किये जाने का प्रावधान है, जबकि डॉ० सोने लाल अकेला, बिहार राज्य एड्स कन्ट्रोल सोसाईटी में एडिशनल प्रोजक्ट डायरेक्टर के पद पर विगत 3 वर्षों से अधिक समय से एवं नरेन्द्र कुमार गुप्ता, बिहार राज्य एड्स कन्ट्रोल सोसाईटी में ही उप-निदेशक, एस०टी०डी० एवं रक्त अधिकोष के पद पर विगत 3 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

---------

ट्रॉमा सेंटर का निर्माण

*3046. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा से रजौली के बीच एन०एच० 31 के किनारे कहीं कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा ट्रॉमा सेंटर उपलब्ध नहीं रहने के कारण दुर्घटना में घायल होनेवाले व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार तक की सुविधा तत्काल नहीं मिल पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नवादा से रजौली के बीच एन०एच० 31 के किनारे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*3047. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड के मुरौल में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, जबकि मुरौल में 22 कट्ठा जमीन उपलब्ध है यदि हाँ, तो क्या सरकार मुरौल में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

न्यायालय शुरू करना

*3048. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के महाराजगंज अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय खोलने के लिये स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है तथा संसाधन उपलब्ध कराकर दो कर्मियों को नियुक्त भी कर दिया गया है, परंतु व्यवहार न्यायालय को अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त व्यवहार न्यायालय को कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्युत् विपत्र में सुधार करना

*3049. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम-आशाटोला पहाड़पुर में स्थित 16 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर 10 जनवरी, 2012 को जल गया था तथा उक्त ट्रांसफॉर्मर के बदले दिनांक 30 जून, 2014 को 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर जलने की अवधि 10 जनवरी, 2012 से 30 जून, 2014 तक का विद्युत् विपत्र उक्त ग्राम के उपभोक्ताओं को दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के विद्युत् उपभोक्ता का 10 जनवरी, 2012 से 30 जून, 2014 तक विद्युत् विपत्र में सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*3050. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा एवं रोहतास प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक के उपस्थित नहीं रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों ?

--

विज्ञापन के अनुरूप लाभ देना

*3051. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस०, पटना के लिये दिये गये विज्ञापन सं० 01 फैकल्टी/स्थाना०/2016 में सामान्य वर्ग के लिये जेनेरल मेडिसीन में प्रोफेसर के पद पर 14 वर्ष के अनुभवी को नियुक्ति करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन में दिये गये योग्यता के विरुद्ध डॉ० नरेश कुमार, 14 वर्ष से कम अनुभवी को सामान्य वर्ग के पद पर आरक्षण का लाभ देकर नियुक्ति किया गया है, जिससे सामान्य वर्ग के उम्मीदवार उक्त पद से वंचित हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर साकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर विज्ञापन के अनुरूप सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्युत आपूर्ति कराना

*3052. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परसौनी प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत मालवार राज परसौनी के क्षेत्रान्तर्गत घनी आबादी वाला धुरवार ग्राम में तीन वार्ड 1,2 एवं 3 हैं जहाँ वर्ष 2009 में विद्युतीकरण योजना के तहत 63 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या करीब 700 होने के चलते उक्त ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण विद्युतापूर्ति अक्सर बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराकर विद्युतापूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पदस्थापना करना

*3053. श्री (डॉ०) राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 7 चिकित्सक का पद सृजित है, जिसमें तीन चिकित्सक कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक पदस्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*3054. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के राम नगर पंचायत के ग्राम-डुमराही, लखनहवा, शिव बिगहा, पोखरा पर तथा महुआवारी, कुटुम्बा में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त ग्रामों में बिजली सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*3055. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल में सी०टी० स्केन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं एक्सरे मशीन की सुविधा नहीं रहने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में उक्त मशीनों की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3056. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में गाँधी मैदान पटना में रावण वध के समय हुयी दुर्घटना में लोगों का असामयिक निधन हो गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हुयी दुर्घटना में जो जाँच प्रतिवेदन सरकार को प्राप्त हुआ, उस पर सरकार कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् उप-केन्द्र बनाना

*3057. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड मुख्यालय से 10 कि०मी० दूर स्थित बाराहाट में विद्युत् उप केन्द्र नहीं रहने के कारण यहाँ के नागरिकों को अकसर बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बाराहाट में एक विद्युत् उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*3058. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के खरहट पंचायत के ग्राम-नारायणपुर में एक उप स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2003-04 से ही स्वीकृत है लेकिन भवन का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नारायणपुर ग्राम में खाता नं० 483, खेसरा नं० 775, रकबा 14 डिसमील सरकारी भू-खण्ड उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित सरकारी भू-खण्ड पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र नारायणपुर का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अवकाश का लाभ देना

*3059. श्री (डॉ०) अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में नवनियुक्त नियमित परिचारिकाओं/कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, मातृत्व अवकाश एवं शिशु देख-भाल अवकाश में अन्य विभाग के महिला कर्मियों को अनुमान्य वर्णित अवकाश के समान यह सुविधा देय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस असमानता को खत्म करते हुये परिपत्रों में यथा वर्णित अवकाशों का लाभ नव-नियुक्त परिचारिकाओं/कर्मचारियों को अविलम्ब देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापन करना

*3060. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धारफरी एवं देवरिया में दो-दो एलोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है परन्तु अभीतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा पदाधिकारियों को पदस्थापित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों में सृजित पद के अनुरूप एलोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि का भुगतान करना

*3061. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत दनवार के ग्राम सरैया, कंचन टोला, सोहदा, वितन टोला, इंगलिश गाँव सोन नदी के तट पर अवस्थिति है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में भारी बारिश के कारण सोन नदी में आयी बाढ़ से उक्त गाँव एवं टोले के 20 पशुओं की मृत्यु नदी में बह जाने के कारण तथा किसानों के खेतों में सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गयी थी, परन्तु अभीतक उक्त गाँव/टोला के ग्रामीणों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम/टोला के ग्रामीणों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*3062. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखण्ड के बथना पंचायत के राजेन्द्र राय, उम्र 50 वर्ष, पिता स्व० जगदम्बी राय, ग्राम-मठ बनवारी की मृत्यु दिनांक 16 सितम्बर, 2016 को मोटर साइकिल से दुर्घटना में हो गई, जिस संदर्भ में कांड संख्या मुफस्सिल थाना 355/16 दर्ज है एवं ग्राम-शिरशिया निवासी अनवर आलम, पिता मो० मुन्ना आलम की मृत्यु भी ट्रक दुर्घटना में दिनांक 12 जुलाई, 2016 को हो गई, जिस संदर्भ में पीपरा कोठी थाना में कांड संख्या 98/16 दर्ज है परन्तु उनके आश्रितों को अभीतक आपदा राशि प्रदान नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उनके आश्रितों को आपदा सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर का निर्माण

*3063. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में ट्रॉमा सेन्टर नहीं है, जिसके कारण गंभीर रूप से घायल मरीजों को चिकित्सा कराने हेतु 60-70 कि0मी0 दूर मुजफ्फरपुर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला से गुजरने वाली एन0एच0 77 पर ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण कराने का बिचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजनाओं का कार्यान्वयन

*3064. श्री सुवाष सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत गोपालगंज विधान-सभा क्षेत्र में मेरे द्वारा पी0सी0सी0 एवं ईट कार्य से संबंधित 10 योजनाओं की अनुशंसा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सहायक योजना पदाधिकारी, गोपालगंज की उपेक्षा के कारण मेरे द्वारा अनुशंसित उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन अभीतक नहीं किया जा सका है, जबकि जिला योजना पदाधिकारी, गोपालगंज के पत्रांक 632, दिनांक 29 नवम्बर, 201 द्वारा विभाग को प्रतिवेदित भी किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेरे द्वारा अनुशंसित उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यो ?

---

पदस्थापना करना

*3065. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पद विगत 2 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सदर अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*3066. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कामेश्वर सिंह उच्च विद्यालय +2, पंडौल, मधुबनी का आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 35 लाख रुपये से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के प्राक्कलन में उच्चीकरण का प्रावधान रहने के बावजूद उच्चीकरण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण जीर्णोद्धार होने के बाद उक्त विद्यालय का लेवेल सड़क से दो फीट नीचे हो जायेगा;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त विद्यालय का उच्चीकरण के साथ-साथ जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*3067. श्री तौसीफ आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के चंदवार पंचायत के कटहलबाड़ी बाजार में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिसके कारण मरीजों को 15 कि0मी0 दूर उक्त प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटहलबाड़ी बाजार में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

काउँसिल का गठन करना

*3068. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अन्य राज्यों की भाँति इस राज्य में भी मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट का 'काउँसिल' गठन करने के लिये अखिल भारतीय मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिशेयन, बिहार द्वारा वर्ष 2006 में आवेदन दिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट का 'काउँसिल' नहीं होने के कारण योग्य प्रयोगशाला प्रावैधिकी एवं टेक्निशियन एक्सपर्ट का नियोजन नहीं हो पा रहा है तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर नियोजन के लिये भटक रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट की नियुक्ति के लिये अन्य राज्य की तरह बिहार में मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट 'काउँसिल' का गठन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*3069. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान-सभा के नबीनगर प्रखण्ड के रामनगर पंचायत के ग्राम चंदन बिगहा एवं बारून प्रखण्ड के कंचनपुर पंचायत के ग्राम फालतू बिगहा, नसीब बिगहा का विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है, जबकि उक्त गाँवों का विद्युतीकरण हेतु ई0एम0सी0 कम्पनी को वर्ष 2014 में कार्य आवंटित किया गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के अधूरे विद्युतीकरण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*3070. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक ड्रेसर का पद विगत 2 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरका" उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर ड्रेसर को पदस्थापित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

'ग' *3071. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के रतनपुरा में दिनांक 29 फरवरी, 2016 को सड़क दुर्घटना में घायल राजू यादव उर्फ कपिल यादव, ग्राम-अंगरा, प्रखंड-थाना-डोभी, जिला-गया की मृत्यु हो गई है, परन्तु मृतक के आश्रितों को अबतक मुआवजा की राशि नहीं मिल पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शौचालय का निर्माण

*3072. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के मांझी प्रखंड के दाउदपुर बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र में शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में शौचालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*3073. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधियाचित राशि उपलब्ध कराना

*3074. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सहरसा ने पत्रांक 648-2, दिनांक 29 नवम्बर, 2016 द्वारा फसल क्षतिपूर्ति के लिये 15 करोड़ 39 लाख रुपये अधियाचित राशि के विरुद्ध आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 144, दिनांक 16 दिसम्बर, 2016 द्वारा 3 करोड़ रुपये मात्र का आवंटन उक्त जिला को उपलब्ध कराया गया है, जिससे 20 प्रतिशत किसानों के बीच ही राशि वितरित की जा सकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बचे अधियाचित राशि जिला पदाधिकारी, सहरसा को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट 'ग' गृह विभाग से आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

## विद्युत् तार का स्थानांतरण

*3075. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड के ग्राम-लोहियापट्टी में एन०एच० 57 के बगल में अवस्थित महादलित टोला एवं मधेपुर प्रखण्ड के भखराईन अल्पसंख्यक टोला में लोगों के घरों के ठीक ऊपर से हाई टेंशन विद्युत् तार गुजर रहा है, कई बार तार के टूटने एवं घरों के मरम्मत के क्रम में लोगों के जान-माल की क्षति हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोलों के निवासियों के द्वारा घर के ऊपर से विद्युत् तार हटाने के लिये विभागीय अभियंताओं एवं प्रश्नकर्ता सदस्या को बार-बार आवेदन देकर तार हटाने हेतु अनुरोध किया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों टोलों के घरों के ऊपर से हाई टेंशन विद्युत् तार को कबतक हटाकर दूसरी जगह प्रतिस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## औचित्य बतलाना

*3076. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, सीतामढ़ी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत् प्रोजेक्ट, सीतामढ़ी को विद्युत् दोष एवं ट्रांसफॉर्मर के कारण बंद नलकूपों को विद्युत् दोष दूरकर चालू करने हेतु पत्रांक 200, दिनांक 4 फरवरी, 2016, पत्रांक 313, दिनांक 20 फरवरी, 2016, पत्रांक 484, दिनांक 14 मार्च, 2016, पत्रांक 639, दिनांक 13 अप्रील, 2016, पत्रांक 692, दिनांक 3 मई, 2016 को पत्र लिखा गया था, यदि हाँ, तो कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, सीतामढ़ी द्वारा भेजे गये पत्रांक पर अबतक बन्द पड़े नलकूपों को चालू करने के दिशा में कार्यपालक अभियंता, विद्युत् प्रोजेक्ट, सीतामढ़ी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने का औचित्य क्या है ?

--------

## भवन बनाना

*3077. श्रीमती संगीता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेमनगर पंचायत में एन०एच० 77 पर अवस्थित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन काफी जर्जर है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## विद्युत् आपूर्ति करना

*3078. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखण्ड के अड़गन्ना टोला, हसनापुर टोला एवं चटेसरा, चिमनी टोला के विद्युतीकरण के क्रम में दो वर्ष पूर्व पोल गाड़ा गया है परन्तु तार एवं ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाने के कारण उक्त टोलों में बिजली नहीं पहुँची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों में तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति कबतक बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## विद्युत् लाइन जोड़ना

*3079. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज ग्रिड सब-स्टेशन से निकलने वाली 33 हजार के०भी०ए० के एक सिंगल लाइन में से ही तीन पावर सब-स्टेशन, बरौली, झंझवा तथा बैकुण्ठपुर को विद्युत् आपूर्ति की जाती है, जिससे उक्त पावर सब-स्टेशन में आवश्यकता के अनुरूप विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार झंझवा तथा बैकुण्ठपुर पावर सब-स्टेशन की आवश्यकता के अनुरूप विद्युत् आपूर्ति हेतु अलग-अलग 33 हजार के०भी०ए० के लाइन से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## कार्रवाई करना

*3080. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में 17 अगस्त, 2016 को आरा सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉ० मधुबाला सिन्हा के ड्यूटी से गायब रहने के कारण पीरो प्रखंड के इटम्हा गणेश के विजय शर्मा की गर्भवती पत्नी कमलावती देवी और उनके पेट के बच्चे को साढ़े तीन घंटे तक अस्पताल में उपचार नहीं मिलने के कारण तड़प-तड़प कर मौत हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतका की बेटी नेहा कुमारी द्वारा उक्त डॉक्टर आरा नगर थाना प्रभारी के यहाँ केस दर्ज किया गया था तथा आशा द्वारा भी सिविल सर्जन को इस संबंध में पत्र लिखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त जच्चा-बच्चा के मौत के लिये जिम्मेवार डॉ० मधुबाला सिन्हा पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## जीर्णोद्धार कराना

*3081. श्री बृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के बखारी देवी स्थान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत 10 वर्ष से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## सहायता राशि देना

*3082. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विधि विभाग अन्तर्गत लीगल एड बोर्ड के माध्यम से राज्य के अधिवक्ताओं के लिये वेलफेयर, कल्याण ट्रस्ट के माध्यम से सहायता राशि दी जाती है, परंतु अधिवक्ताओं को अभीतक सहायता राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है जबकि वित्त विभाग द्वारा राशि उपलब्ध करा दी गयी है, यदि हाँ, तो अधिवक्ताओं को सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पर्यटक स्थल विकसित करना

*3083. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखण्ड के बसमता पंचायत स्थित ग्राम-लक्ष्मीपुर में 400 वर्ष पुराना शिव मंदिर है जो रख-रखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## भवन निर्माण कराना

*3084. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के चिकनौटा ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त है तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*3085. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखण्ड के फुलवाँ गाँव की पाँच किलो मीटर की परिधि में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लोग निजी चिकित्सकों की सेवा लेने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त फुलवाँ गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पर्यटक स्थल विकसित करना

*3086. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के सोनों प्रखण्ड के बटिया स्थित बाबा झुमराज स्थान पर हजारों पर्यटक दर्शन हेतु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मशीन उपलब्ध कराना

*3087. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस०, पटना में मरीजों की जाँच हेतु मात्र एक सी०टी० स्कैन मशीन उपलब्ध है, सी०टी० स्कैन हेतु हमेशा 150-160 मरीज वेटिंग में रहते हैं जिससे दूर-दराज से आये मरीजों को अधिक समय लगने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु एक अतिरिक्त सी०टी० स्कैन मशीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पोल एवं तार बदलना

*3088. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम के वार्ड नं० 4,29,31,33,42,43,44,48,49,50 एवं 51 में विद्युत् की आपूर्ति जर्जर लकड़ी के पोल एवं तार से 8 वर्षों से की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013, वर्ष 2014, वर्ष 2015 एवं वर्ष 2016 में जर्जर पोल एवं तार टूट कर उक्त वार्ड में गिरने से अप्रिय घटना घटी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में जर्जर लकड़ी के पोल एवं तार कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अधूरे भवन का निर्माण

*3089. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंगलवार, चरैया के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 1987-88 से अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

एम्बुलेंस उपलब्ध कराना

*3090. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा, खैरा एवं अलीगंज प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में एक भी एम्बुलेंस नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक तीनों प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शेड सहित प्लेटफार्म बनाना

*3091. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत चमथा-1, चमथा-2, चमथा 3, विशनपुर, दादुपुर, नारेपुर 2 स्थित रानी एवं गोखना पंचायत प्रत्येक वर्ष बाढ़ से ग्रसित रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के बाढ़पीड़ितों को जो सघन गंगा दियारा में बसते हैं उन्हें अपने गाँव में 20 से 25 कि०मी० की दूरी पर जाकर ''जान-माल'' की रक्षा के लिये किसी अन्य व्यक्ति के यहाँ शरण लेना पड़ता है, इस क्रम में कई लोग नौका दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थानों पर बाढ़पीड़ितों की सुरक्षा के लिये गंगा दियारा में ही ऊँचा-ऊँचा प्लेटफार्म शेड सहित बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*3092. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ विधान-सभा अन्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के गौरा पंचायत के महुआ निवासी रोहित कुमार, पिता कैलाश महतो तथा महराजपुर पंचायत के दिग्घी पोखर निवासी रूपलाल, पिता श्री बबलू सोरेन की मृत्यु करीबन सात माह पूर्व हो गयी थी जिसका मुफस्सिल थाना में केस दर्ज है, जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पानी में डूबने से बताया गया है परन्तु उक्त मृतक परिवारों को आजतक सहायता राशि प्राप्त नहीं कराई गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*3093. श्री अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि माह जुलाई-सितम्बर, 2016 में अत्यधिक वर्षा के कारण गया जिला के टिकारी एवं कोच प्रखण्डों के हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गयी थी, जिसका सर्वेक्षण जिला प्रशासन द्वारा कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सर्वेक्षण का कार्य पूरा होने के बाद भी आजतक पीड़ित किसानों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड(1) में वर्णित प्रखण्डों के पीड़ित किसानों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*3094. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनों प्रखण्ड के सलैया गाँव के श्री बसंत यादव की दिनांक 13 सितम्बर, 2016 को विद्युत् करेन्ट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई थी परन्तु उक्त मृतक के परिवारों को सहायता राशि अभीतक नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्व० यादव के परिवार वालों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लेबर रूम एवं चहारदीवारी का निर्माण

*3095. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडलीय अस्पताल में लेबर रूम क्षतिग्रस्त हो गया है एवं अस्पताल का चहारदीवारी गिरने से कर्मीगण को कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के क्षतिग्रस्त लेबर रूम एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*3096. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान-सभा क्षेत्र के खवासपुर, कोल्हराज पुर एवं खेमरा में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण मरीजों को क्रमशः 150 कि0 मी0, 35 कि0 मी0 एवं 30 कि0 मी0 की दूरी पर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु जिला चिकित्सा पदा0, भोजपुर द्वारा जनवरी, 2017 में अनुरोध पत्र स्वास्थ्य विभाग को भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवहार न्यायालय खोलना

*3097. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल को बने 25 वर्ष हो गया है, परंतु अभीतक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने से आमजनों को दिक्कत हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर व्यवहार न्यायालय कबतक खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*3098. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के छप्पन बिघा में 10 वर्ष पूर्व राजकीय नलकूप लगाया गया था परन्तु ट्रांसफॉर्मर के अभाव में राजकीय नलकूप को चालू नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नलकूप के पास ट्रांसफॉर्मर लगाकर नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जर्जर तार बदलना

*3099. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखण्ड के शिवलाहा, बंधवा टोला, केरई एवं पचकेडवा टोला के विद्युत् तार 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों के जर्जर तार कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## चहारदीवारी का निर्माण

*3100. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्व द्वारा अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर ने अपने कार्यालय पत्रांक 119, दिनांक 12 मार्च, 2016 के द्वारा असैनिक-शल्य-चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधुबनी से चहारदीवारी निर्माण हेतु राशि की माँग की थी, जिसपर कोई कार्रवाई अबतक नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर में चहारदीवारी का निर्माण कबतक करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## विद्युत् आपूर्ति करना

*3101. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियाँ प्रखंड के करहरवा से धनजैया गाँव तक 11,000 हजार वोल्ट का तार नहीं लगाये जाने के कारण धनजैया गाँव की विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर 11,000 वोल्ट का तार लगाकर धनजैया गाँवों में विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## तार एवं पोल बदलना

*3102. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के डढूआ पंचायत के ग्राम-कस्तुरी सराय से पातेपुर पावर सब-स्टेशन तक जाने वाली 11000 वोल्ट का तार एवं पोल जर्जर है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार एवं पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल विकसित करना

*3103. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष 2016-17 में मनाने का निर्माण राज्य सरकार द्वारा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले में महात्मा गाँधी अपनी प्रथम यात्रा के क्रम में स्व० गोरख बाबू के मकान, चन्द्रहिया, गजपुरा, पीपराकोठीडीह, लखौरा, तुरफौलिया, जसौली, बड़हरवालखन सेन, मलाहीकोठी, सिरनीकोठी ओलटा, भेहता टोला, राजपुर, जलहा, विशुनपुरवा तुरकौलिया गये थे, जो आज भी पर्यटक स्थल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन स्थलों को विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*3104. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के हाट गाँव पंचायत के मो० दिलसाद आलम, पिता मो० मुस्लिम की मृत्यु दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 को मोटर साइकिल दुर्घटना में हो गई थी परन्तु आजतक मृतक के परिवार को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परिवार को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*3105. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के कैरीबीपुर पंचायत के कैरीबीरपुर ग्राम में दिनांक 4 अगस्त, 2016 को रूखसाद, पिता कमरूल एवं हलदीखोरा पंचायत के धापी टोला में दिनांक 27 अगस्त, 2016 को कादिर, पिता कलीम की बाढ़ के पानी में डुबने से मौत हो गई थी परन्तु अभीतक उक्त मृतक व्यक्तियों के परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*3106. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुशहरी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर प्राक्कलित राशि 5,77,11,788 रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने संबंधी निविदा दिसम्बर, 2016 में समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया था जबकि निविदा से पूर्व ही संबंधित व्यक्तियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास दिनांक 7 अगस्त, 2015 को ही कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार योजना की स्वीकृति निविदा एवं एकरारनामा के बगैर ही योजना का शिलान्यास कराने वाले दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*3107. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकी हॉट रेफरल हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे मशीन की सुविधा नहीं है, जिसके कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रेफरल हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा।

पटना :
दिनांक 31 मार्च, 2017 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 157 - डी०डी०पी०-500